सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 182 | इंदौर, बुधवार 10 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Ram Mandir:** कारसेवकों पर गोली चलाने का सरकार का फैसला सही था, स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर दिया विवादित बयान
2. **लोकसभा चुनाव:** अपने विधायकों को सांसदी लड़ा सकती है सपा, अखिलेश की नसीहत- मायावती का सम्मान करें
3. **Vibrant Gujarat Summit 2024:** आरआईएल का उद्देश्य सात करोड़ गुजरातियों के सपने को पूरा करना, बोले- मुकेश अंबानी
4. **Tamil Nadu:** 'हिंदी सीखने के लिए दबाव नहीं बनाया जा रहा', अभिनेता विजय सेतुपति के बयान पर अन्नामलाई का पलटवार
5. **IPL 2024:** 22 मार्च को शुरू हो सकता है आईपीएल का नया सीजन, दो शहरों में महिला प्रीमियर लीग कराने की योजना
6. **UP:** दम घुटने से परिवार में पांच की मौत... बंद घर में दम तोड़ रहे थे लोग, गांव को भनक तक नहीं; पड़ोसी रहे अनजान

# मौसम ने फिर ली करवट, कंपकंपाया प्रदेश

## ग्वालियर-चंबल में कोहरा-बारिश, ओले भी गिरेंगे

◆ भोपाल-छिंदवाड़ा में रिमझिम, तीन दिन बाद कड़ाके की ठंड

◆ इंदौर में तो सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए, सर्द हवाएं रात से ही चली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मंगलवार की रात से ही मौसम ने फिर करवट ली और तेज हवाएं चलने लगी। वहीं बदलते मौसम के बीच बुधवार सुबह भोपाल, सीहोर समेत मध्यप्रदेश के कई शहरों में कोहरा रहा। विजिबिलिटी काफी कम थी। 50 मीटर दूर देखना भी मुश्किल हो रहा था। भोपाल, छिंदवाड़ा में रिमझिम बारिश भी हुई। वहीं इंदौर में बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से मौसम बदला है। बुधवार को कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। अगले 2 से 3 दिन तक कोहरा रहेगा। सिस्टम के गुजरने के बाद रात के टेम्प्रेचर में गिरावट होगी।आज इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों और हरदा में बारिश होने के आसार हैं।

प्रदेश में मंगलवार रात रीवा में सबसे कम तापमान 9.4 डिग्री रहा। पचमढ़ी में यह 12 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान सिवनी में 17.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं सीहोर में बुधवार सुबह सीजन का पहला घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही।

### ग्वालियर सबसे ठंडा, यहां कोहरा भी रहा

बड़े शहरों की बात करें, तो मंगलवार को ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। 6 डिग्री की गिरावट के साथ दिन का टेम्प्रेचर 14.2 डिग्री पर आ गया। उज्जैन में अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री, भोपाल में 27.7 डिग्री, इंदौर में 27.8 डिग्री और जबलपुर में सबसे ज्यादा 28.5 डिग्री रहा।

### टीकमगढ़-खजुराहो भी ठंडे रहे

ग्वालियर के बाद टीकमगढ़ और खजुराहो भी ठंडे रहे। टीकमगढ़ में अधिकतम पारा 17 डिग्री और खजुराहो में 19.4 डिग्री दर्ज किया गया। गुना, नौगांव, सतना, रीवा, रतलाम, सीधी, पचमढ़ी, शाजापुर में टेम्प्रेचर 25 डिग्री के नीचे रहा।

# भोपाल के आंचल चिल्ड्रन होम का रिकॉर्ड्स खंगाल रही पुलिस

## ऑडिट रिपोर्ट से खुलेगा फॉरेन फंडिंग का राज, अवैध हिस्से की नपती में जुटा जिला प्रशासन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल-इंदौर रोड पर स्थित जिस चिल्ड्रन हॉस्टल से लड़कियां भागीं, वहां होने वाली फॉरेन फंडिंग की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। संस्था की ऑडिट रिपोर्ट को खंगाला रहा है। इसके लिए एक ष्ट्र की भी मदद ली जा रही है। हॉस्टल में रहने वाले कर्मचारियों के बयानों को भी दर्ज किया जाएगा। हॉस्टल के अवैध हिस्से की भी जिला प्रशासन की टीम नपती करा रही है।**

**कर्मचारियों के बयान दर्ज होंगे-** एसपी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि विदेशी फंडिंग के मामले में आंचल



बालिका छात्रावास की ऑडिट रिकॉर्ड्स को खंगाला रहा है। उसमें रहने वाले अन्य कर्मचारियों के बयानों को दर्ज किया जाएगा। अब तक की जांच में सामने आया कि यहां पढने वाली सीनियर लड़कियां अन्य जूनियर बच्चियों को पढ़ाने लगती थी। अनिल मैथ्यू के अलावा अन्य किसी की भूमिका फिलहाल स्पष्ट नहीं हुई है। मामले की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### 68 में से 26 लड़कियां गायब

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक टीम ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर तारा सेवनिया गांव में बाल गृह का निरीक्षण किया था। केंद्र के रजिस्टर को देखने के बाद पता चला कि कुल 68 सहवासी में से 26 लड़कियां गायब थीं। इसके बाद कथित तौर पर अवैध रूप से केंद्र चलाने के लिए फादर अनिल मैथ्यू के खिलाफ जिला कार्यक्रम अधिकारी रामगोपाल यादव की ओर से शनिवार की रात को थाना परवलिया में पहली स्नढ्ढक्र दर्ज कराई गई। फादर पर शुरू में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत आरोप लगाया गया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 का उल्लंघन के तहत धाराओं में इजाफा किया।

# 2028 तक कान्ह तथा सरस्वती नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए तैयार किया जाएगा एक्शन प्लान

◆ कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम एवं प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों के साथ की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को सिटी बस कार्यालय के सभाकक्ष में नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला उद्योग केंद्र, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इंदौर की नदियों एवं नालों को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु कार्य नीति तैयार करने के विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार नदी एवं नालों को 2028 तक प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए इंदौर में एक विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। यह एक्शन प्लान दो भागों में बांटा जाएगा, जिसमें एक दीर्घकालीन कार्य नीति होगी तथा एक अल्पकालीन कार्य नीति होगी। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह को निर्देश दिए कि नमामि गंगे एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के साथ ही शहर में ऐसे अन्य नाले भी चिन्हांकित किए जाएं जहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जरूरत है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में जो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पहले से कार्यरत हैं उनका भी अच्छी तरीके से संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे नाले जिनमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगा है उनकी भी टर्बिडिटी कम करने के लिए कार्य योजना बनाई जाए, साथ ही फिल्टर मीडिया आदि का उपयोग करने पर भी विचार किया जाए।



कलेक्टर श्री सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी उद्योग जो अपशिष्ट पदार्थ तथा सीवेज को बिना उपचार सीधे नदी एवं नालों में प्रवाहित कर रहे हैं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस का रुख अपनाएगा।

## जरूरतमन्दो को रेनबसेरों में रुकवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन के अमले ने शहर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर रहने वाले गरीबों जरूरतमंदों की जरूरतें पूछी और उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। जरूरतमंद लोगों को रैनबसेरा में रुकवाया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सोमवार को सुबह टी एल की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वह अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें और फुटपाथ पर रहने वाले गरीब जनों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित करें और उन्हें रेनबसेरों में रुकवाएं। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम सड़कों पर निकली। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में अधिकारियों ने बढ़ती ठंड को देखते हुए सड़क पर दिखाई देने वाले लोगों को कंबल वितरित किये, तथा जरूरतमंद लोगों को आसपास बने हुए रेन बसेरा में भी शिफ्ट।

## दिवसीय रोजगार मेला 12 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार इन्दौर में 12 जनवरी 2024 को एक दिवसीय युवा दिवस (विशेषकर महिलाओं को केन्द्रित) का आयोजन किया जाना है। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा एक दिवसीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र परिसर 10 पोलोग्राउन्ड इन्दौर में 12 जनवरी 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 10:30 बजे से 03 बजे तक किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार/स्वरोजगार मेले में जिला उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं को स्वरोजगार से जोडने हेतु प्रयास किये जायेगें। साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के उदेश्य से रोजगार मेले का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे।

## छत्रीबाग रामद्वारा पर रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य रामकिशोर महाराज का निर्वाण महोत्सव संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी रामकिशोर महाराज का 30वां निर्वाण महोत्सव छत्रीबाग रामद्वारा पर मनाया गया। ट्रस्ट की ओर से रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि इस मौके पर वाणीजी के सामूहिक पारायण, चित्र पूजन, भजन, रामधुन, गुरु महिमा ग्रंथ का गायन और सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरण के आयोजन भी हुए। महोत्सव में गिरधर नीमा, वासुदेव सोलंकी, प्रो. दिलीप जोशी, भूरा पहलवान, जयंत पोरवाल, श्याम भूतड़ा, कैलाश परमार, राजेन्द्र श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन आचार्यश्री के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की।

## न्याय नगर में शिव महापुराण कथा

इंदौर। पीपलेश्वर महादेव मंदिर न्याय नगर सुखलिया पर भागवताचार्य पं. जीवन अग्निहोत्री के श्रीमुख से सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा 13 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां कर पुण्य लाभ उठा रहे हैं। भजनों पर नृत्य एवं संकीर्तन का सिलसिला भी पहले दिन से ही चल रहा है।

कटाक्ष




◆ रेडक्रॉस से तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए दी गई

# एक लाख 44 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

### तीन दिव्यांगजनों को तात्कालिक रूप से दी गई रेट्रोफिटेड स्कूटी तथा बालक को दी गई सीपी चेयर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। नवागत कलेक्टर आशीष सिंह आज नीचे तल मंजिल पर बैठे दिव्यांगों के बीच पहुंचे और संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और उनका हाथोंहाथ निराकरण भी किया। उन्होंने तीन दिव्यांगों सुरेंद्र सिंह, तारा बाथम तथा विनोद चौधरी को रेट्रोफिटेड स्कूटी मौके पर प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिव्यांग बालक शिव पिता अखिलेश निवासी बाणगंगा को सीपी चेयर प्रदान की गई तथा 76 वर्षीय श्री ओम प्रकाश सिंह राठौड़ को डिजिटल कान की मशीन प्रदान की गई। कुल 157 आवेदन दिव्यांगजनों द्वारा रिट्रोफिटिंग स्कूटी हेतु दिए गए, जिन पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा आवेदनों की स्क्रुटनी पश्चात कैंप लगाकर स्कूटी वितरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन विभाग अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों हेतु रोजगार मेले का भी आयोजन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए ताकि यह सभी दिव्यांगजन सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

कलेक्टर आशीष सिंह ने अनेक जरूरतमंदों को रेडक्रॉस के माध्यम से तत्कालिक आर्थिक सहायता भी मंजूर की। उन्होंने कुल एक लाख 44 हजार रुपए की आर्थिक सहायता विभिन्न आवेदनों के तहत जनसुनवाई में आए जरूरतमंदों को प्रदान की। उन्होंने एसडी बंसल कॉलेज की छात्रा खुशबू साहू को कॉलेज फीस के लिए 53 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। उन्होंने वृद्ध महिला कमला पंचोली को सिलाई मशीन के लिए 10 हजार स्वीकृत किए। उन्होंने चिकित्सा सहायता हेतु हुकुमचंद गुप्ता एवं प्रकाश उपाध्याय को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। इसी तरह अन्य आवेदनों पर तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जनसुनवाई में आई वृद्ध महिला द्वारा बताया गया कि उनके 17 वर्षीय पोते मयंक यादव को दिल में छेद है जिसके इलाज के लिए वह जगह-जगह भटक रही है।

# डॉग केयर सेंटर बनाने की मांग

## स्ट्रीट डॉग बाइट से मुक्ति दिलाने को लेकर दिया ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को निगम आयुक्त और महापौर को इंदौर के नागरिकों को डॉग बाइट से जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन दिया।**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में पिछले लंबे समय से डॉग बाइट की घटनाएं सामने आ रही है। इंदौर के एक शासकीय अस्पताल में साल 2023 में डॉग बाइट के कई केस आए है। इसी तरह निजी और अन्य शासकीय अस्पतालों की संख्या मिलाई जाए तो यह संख्या काफी ज्यादा होगी। जनवरी 24 के शुरूआती पांच दिनों में डॉग बाइट की संख्या 900 थी। इंदौर नगर निगम ने शहर को गायों से मुक्त तो कर दिया, लेकिन स्ट्रीट डॉग्स से सुरक्षा के लिए कोई आवश्यक कदम अभी तक नहीं उठाए। इंदौर आप पार्टी के संयोजक संदीप शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी शहर की जनता की सुरक्षा एवं हित में यह मांग करती है की स्ट्रीट डॉग्स से अविलंब मुक्त करने हेतु शहर में आवश्यक डॉग केयर सेंटर बनाए जाए।



# अयोध्या में पूजित कलश पहुंचा इंदौर हाई कोर्ट, गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

## ◆ विश्व हिंदू परिषद ने हाई कोर्ट परिसर स्थित मंदिर में हनुमानजी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अयोध्या में पूजित कलश मंगलवार को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच पहुंचा। यात्रा के रूप में वकील इसे परिसर स्थित हनुमान मंदिर ले गए।**

विश्व हिंदू परिषद के राजेश बिजवे ने बताया कि हमने हनुमानजी को 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। इसके साथ ही हमने सभी वकीलों से आग्रह किया है कि वे 22 जनवरी के बाद अयोध्या दर्शन करने जरूर जाएं। हनुमान मंदिर पर प्रतिक स्वरूप एक छोटा कलश स्थापित भी किया गया।

### शहरभर में घूम रहा पूजित कलश

उल्लेखनीय है कि अयोध्या में पूजित कलश को पूरे इंदौर शहर में घुमाया जा रहा है। कई मोहल्लों में इसे प्रभातफेरी के रूप में भी निकाला जा रहा है। इसके माध्यम से इंदौर के लोगों को 22 जनवरी के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए न्योता दिया जा रहा है। इस पूजित कलश की लोग पूजा भी कर रहे हैं।

# राम कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं - दीदी मां

## ◆ रामकथा महोत्सव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लिख रहे राम का नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान राम ने राम राज्य की स्थापना के बाद जनता के नाम अपने पहले संदेश में कहा है - बड़े भाग मानुष तन पावा... रामचरित मानस की सभी चौपाईयां कल्याणकारी हैं, जिनमें मनुष्य जीवन को विवेकपूर्ण और सार्थक बनाने के लिए अनेक मंत्र दिए गए हैं, लेकिन सबका सार यही है कि रामकृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य की योनि हमें चौरासी लाख योनियों के बाद मिली है और इसको इसलिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है कि यह कर्म प्रधान योनि है। स्वर्ग में भी देवताओं को कर्म करने की स्वतंत्रता नहीं है। सत्संग की पात्रता भी केवल मनुष्यों को ही प्राप्त है। इसी सत्संग से हमें विवेक की प्राप्ति होती है, जो सुख के आनंद को समझने में मददगार बनता है।

युग तुलसी रामकिंकर महाराज की उत्तराधिकारी, रामायणम अयोध्या की प्रमुख दीदी मां मंदाकिनी ने मंगलवार को स्कीम 51 स्थित माता मंदिर बगीचे में पांच दिवसीय राम कथा महोत्सव के तृतीय दिवस उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, वैष्णव सहायक ट्रस्ट के वरिष्ठ न्यासी राधाकिशन सोनी, विजय -कृष्णा गोयल, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, गोपाल नेमानी, न्यायाधीश सत्येन्द्र जोशी, महेश गोयन चायवाले, पार्षद पराग कौशल, गगन यादव, दीपक लिम्बा, योगेश अग्रवाल, अखिलेश जोशी, ब्रजेश जोशी आदि ने व्यासपीठ एवं रामचरित मानस का पूजन किया। संयोजक अनूप जोशी एवं अरविंद गुप्ता ने बताया कि दीदी मां के सानिध्य में संगम नगर स्थित संत निवास पर प्रतिदिन राम नाम लेखन का अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। सैकड़ों श्रद्धालु सुबह 9 से 11 बजे तक संत निवास पहुंचकर संकीर्तन के बाद राम नाम लेखन में जुटे रहते हैं। इसके अलावा कथा स्थल पर भी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक द्वारा राम नाम का लेखन किया जा रहा है। यह अदभुत दृश्य हर किसी को रोमांचित बना रहा है। राम कथा महोत्सव का यह दिव्य अनुष्ठान स्कीम 51 स्थित माता मंदिर बगीची परिसर में 11 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 3 से 6 बजे तक जारी है। 11 जनवरी को यज्ञ-हवन के साथ पूर्णाहुति होगी।

# अन्नकूट महोत्सव में रामबाबू अग्रवाल का सम्मान

**इंदौर।** श्री अग्रवाल हिन्डोनिया पंचायत द्वारा अपने वार्षिक अन्नकूट महोत्सव एवं सम्मान समारोह में राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता के विशेष आतिथ्य में समाजवादी चिंतक रामबाबू अग्रवाल नेताजी का सम्मान किया गया। रामबाबू को हाल ही झारखंड में डॉ. लोहिया सम्मान से अलंकृत किया गया है। हिन्डोनिया पंचायत की ओर से अध्यक्ष गोपाल गोयल, मंत्री दिनेश गर्ग, कार्यक्रम संयोजक नंदकिशोर अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। मंत्री विजयवर्गीय ने इस अवसर पर कहा कि रामबाबू अन्याय के खिलाफ लगातार आंदोलन करते रहे हैं और आपातकाल में मीसा बंधु भी रहे हैं। उन्हें लोहिया सम्मान मिलना हम सबके लिए गौरव की बात है। मैं उन्हें क्रांतिकारी सलाम करता हूं। अन्नकूट महोत्सव में भगवान श्रीनाथजी एवं महाराजा अग्रसेन को 56 भोग समर्पित कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अतिथि एवं समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। संचालन नंदकिशोर अग्रवाल ने किया। अंत में अध्यक्ष गोपाल गोयल ने पंचायत भवन के नवीनीकरण में सहयोग देने वाले गोपालदास अग्रवाल सहित सभी समाजबंधुओं का आभार माना।

**महापौर द्वारा जलप्रदाय विभाग की समीक्षा बैठक**

# एल एंड टी कंपनी द्वारा कार्य की धीमी गति व रेस्टोरेशन कार्य ठीक से नहीं होने पर जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलु द्वारा जलप्रदाय विभाग की महापौर सभाकक्ष में बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव श्रीवास्तव, पीएचई के एसई व एइई व अन्य उपस्थित थे।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं प्रभारी श्री शर्मा द्वारा शहर की पेयजल टंकियों से जलप्रदाय के साथ ही रेस्टोरेशन कार्य के संबंध में झोनवार समीक्षा की गई, झोनवार समीक्षा के दौरान शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल टंकियों से कालानी व क्षेत्रो में किये जा रहे जलप्रदाय के समय व पूर्ण क्षमता से पेयजल टंकियों के भरने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही जलप्रदाय विभाग द्वारा शहर में किये जा रहे विकास कार्यो के साथ ही रेस्टोरेशन कार्य की भी समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान महापौर श्री भार्गव द्वारा एल एंड टी कंपनी के माध्यम से किये जा रहे पेयजल लाईन कार्य व कार्य के उपरांत रेस्टोरेशन कार्य के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, एल एंड टी कंपनी के डायरेक्टर को पत्र लिखकर इंदौर में किये जा रहे कार्यो तथा कार्य में हो रही देरी की वजह से नागरिको को होने वाली परेशानी के संबंध में भी अवगत कराने के संबंधित को निर्देश दिये गये। इसके साथ ही महापौर श्री भार्गव व प्रभारी श्री शर्मा द्वारा शहर में कई स्थानो पर अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के संबंध में भी पीएचई के अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह अवैध नल कनेक्शनधारक को नोटिस जारी कर, अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिये सूचित करे, इसके उपरांत भी समय सीमा के पश्चात अगर नल कनेक्शन को वैध नही करते है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करे।

महापौर श्री भार्गव द्वारा जलप्रदाय की समीक्षा के दौरान कहा कि नगरीय क्षेत्र में स्थित पेयजल टंकियों पर संलग्न कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, कर्मचारियो की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारी करे। साथ ही नगरीय क्षेत्र में शामिल 29 गांवो में से जिन गांव क्षेत्र में जलप्रदाय लाईन डालने का कार्य शेष है उन्हे भी जोडने के लिये सर्वे करे ताकि पेयजल टंकियों से उन्हे भी जोडा जा सके।

# नि:शुल्क नशा मुक्ति शिविर का आयोजन, 135 मरीजों ने लिया लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र सरकार और इंडेक्स समूह की शहर को नशा मुक्त करने की पहल के अंतर्गत विभिन्न शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कम्युनिटी हॉल आजाद नगर में हुए शिविर में विशेष अतिथि शेख अलीम ,पूर्व पार्षद आजाद नगर और आयोजक डॉ.रामगुलाम राजदान उपस्थित थे।**

इस अवसर पर शेख अलीम ने बताया कि शहर में कई क्षेत्रों में नशीले पदार्थो का सेवन एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। खासतौर पर ब्राउन शुगर के सेवन की वजह से युवा के साथ हर उम्र के लोग इसके कारण आर्थिक और शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे है। इस क्षेत्र में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का नशा मुक्ति अभियान एक सार्थक पहल है।नशे के खिलाफ क्षेत्र में मुहिम चलाई जा रही मुहिम में यह मददगार साबित होगा।

### नशे से दूर हो युवा

आयोजक डॉ.रामगुलाम राजदान ने कहा कि इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया की यह पहल है कि इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अधिक से अधिक नशा मुक्ति के शिविर आयोजित करे। खासतौर पर युवा वर्ग को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि आज नशा मुक्ति को लेकर सरकार और विभिन्न संगठनों ने कई योजनाएं चलाई है। नशे की लत में बर्बाद होते युवाओं को जागरूक करना सबसे जरूरी है। खासतौर पर इंडेक्स समूह का यह शिविर युवाओं को नशे की लत से दूर करने और जागरूक करने में मदद करेगा।



पुलिस द्वारा भी इस क्षेत्र में नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार मुहिम चलाई जाती और इस क्षेत्र को नशा मुक्त किया जाएगा। इस शिविर में 135 से अधिक मरीज ऐसे थे जो किसी न किसी प्रकार के नशे का सेवन कर रहे थे।

डॉक्टरों द्वारा उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में उचित इलाज के लिए भर्ती होने की सलाह दी।इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,वाइस चेयरमैन मयंकराजसिंह भदौरिया,डायरेक्टर आर एस राणावत,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव,इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.जीएस पटेल, इंडेक्स अस्पताल अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांत ने डॉक्टरों की टीम की सराहना की।

इस शिविर में 135 मरीजों में से 82 मरीजों को नशीले पदार्थों की लत थी।इसमें 23 मरीजों को ब्राउन शुगर और 9 मरीजों को नींद की दवाओं का एडिक्शन था। इसमें 8 मरीजों को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती होने की सलाह दी गई। मरीजों का उपचार डॉ. रामगुलाम राजदान,डॉ.हरमन भाटिया,सुरसोपान सरदेसाई की टीम द्वारा किया गया।

कमलनाथ बोले-

# राम मंदिर पर भाजपा का पट्टा नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने भाजपा को घेरा है। कमलनाथ ने मंगलवार को छिंदवाड़ा में कहा- मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बन रहा है। सरकार भाजपा की है, इसलिए बनवाने की जिम्मेदारी उसी की है। भाजपा के पास राम मंदिर का पट्टा नहीं है।**

उधर, दिग्विजय सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शंकराचार्यों के बदले नेताओं की उपस्थिति पर सवाल उठाया है। शंकराचार्यों के निमंत्रण ठुकराने पर उन्होंने लिखा, 'क्या सनातन धर्म का पालन करने वाले हमारे धर्म गुरु शंकराचार्य हैं या विश्व हिंदू परिषद ,संघ,भाजपा ? जरा सोचिए।'

### कमलनाथ बोले- 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाऊंगा

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मंगलवार को विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार छिंदवाड़ा पहुंचे। एयर स्ट्रिप पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'राम मंदिर सभी का है। पूरे देश का है। राम मंदिर पर सभी का अधिकार है।' अयोध्या जाने के सवाल पर बोले, '22 जनवरी को



तो नहीं, लेकिन बाद में जाऊंगा।' छिंदवाड़ा में कांग्रेस राम उत्सव मना रही है। कांग्रेस की ओर से राम नाम पत्र का वितरण किया जा रहा है।

### दिग्विजय ने लिखा- नरसिम्हा राव राम मंदिर निर्माण 'रामालय न्यास' के जरिए कराना चाहते थे

दिग्विजय ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'राम मंदिर निर्माण में किसी को कोई एतराज नहीं था। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव यह कार्य सभी मान्यता प्राप्त शंकराचार्य जी द्वारा 'रामालय न्यास' के माध्यम से कराना चाहते थे, न कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगठन है और इसका राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी है। क्या सनातन धर्म को पालन करने वाले हमारे धर्म गुरु शंकराचार्य हैं या विश्व हिंदू परिषद ,संघ,भाजपा? जरा सोचिए।'

# महिला जज को कोर्ट में भेजी जहरीली पुड़िया

◆ खोलते ही बेचैनी-घबराहट हुई; लेटर में लिखा-न्याय नहीं मिला तो सुसाइड कर लूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम में महिला जज को रजिस्टर्ड डाक से एक पुड़िया मिली। साथ में चार पेज का लेटर था। इसमें न्याय नहीं मिलने पर जहर खाकर सुसाइड करने की बात लिखी है। जज ने जब लिफाफा फाड़ा तो उसमें एक पाउच में पाउडर निकला। इसे खोलते ही बेचैनी और घबराहट हुई।**

मामला जिला न्यायालय में मंगलवार सुबह 11.30 बजे का है। यहां न्यायाधीश मुग्धा कुमार की कोर्ट में पोस्टमैन लिफाफा लेकर पहुंचा। कोर्ट कर्मचारी ने



लिफाफा लेकर जज को दिया। जज को बेचैनी और घबराहट होते देख हड़कंप मच गया। इसकी सूचना तुरंत जिला न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान को दी गई। वे अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के साथ न्यायाधीश मुग्धा कुमार की कोर्ट में पहुंचे। स्टेशन रोड पुलिस को भी बुलवाया गया।

थाना प्रभारी भुवानी राम वर्मा ने कथित जहर की पुड़िया और पत्र जब्त कर लिए हैं। इन्हें जांच के लिए भेजा गया है। लिफाफा भेजने वाले की शिनाख्त दशरथ शर्मा निवासी रिंगनीया के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आरोपी ने पिता, भाई और भाभियों पर किया है केस

एएसपी राकेश खाखा ने बताया, 'यह कहना अभी जल्दबाजी होगा कि पुड़िया में जहरीला पदार्थ है। इसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। फिलहाल, कोर्ट कर्मचारी की शिकायत पर स्टेशन रोड थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।' उन्होंने बताया कि दशरथ शर्मा ने अक्टूबर 2023 में नामली थाने में अपने पिता, तीन भाई और उनकी पत्नियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था। यह केस दिसंबर 2023 से न्यायाधीश मुग्धा कुमार की कोर्ट में विचाराधीन है। दशरथ जल्द न्याय की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी पत्र लिख चुका है।

# शिप्रा के हाल-चाल जानने के लिए कलेक्टर के साथ निकले अधिकारी

### प्रदूषण मुक्त करने की योजना के लिए कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की वर्तमान स्थिति तो यह है कि यहां आने वाले श्रद्धालुजन यह कहते हुए जाते हैं कि नहाना तो दूर पानी आचमन के लायक भी नहीं है। शिप्रा को प्रदूषण से मुक्त दिलाने के लिए अब तक जितनी भी योजनाएं बनी हैं,सभी बेअसर रही है। सिंहस्थ 2016 में खान डायवर्शन योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। अब डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री बने है तो एक बार फिर से शिप्रा को प्रदूषण मुक्त बनाने और शिप्रा का स्वच्छ जल कल-कल करता बहता रहे,इसकी आस जगी है। गत दिनों सीएम ने इंदौर,उज्जैन,देवास कलेक्टरों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर नीरज सिंह ने अधिकारियो के साथ शिप्रा नदी,खान नदी पर बने स्टापडेमों, पानी के फ्लो आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## जाकिर हुसैन वार्ड के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** शहर के जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 41 में पार्षद सिद्दीक पटेल के निधन के बाद रिक्त हुई सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम मंगलवार सुबह 9.30 बजे घोषित हुए। उपचुनाव में कांग्रेस से प्रत्याशी रहे बबलू उर्फ तारीख पटेल विजयी घोषित हुए हैं। बबलू ने 193 वोट से पार्षद पद का चुनाव जीत लिया है। उपचुनाव में बबलू पटेल को 766 वोट मिले। वहीं भाजपा के सईद कुरैशी ने 498 वोट हासिल किए। एआईएमआईएम के मुदस्सर खान को 51 वोट मिले।

# दगना कुप्रथा से 3 सप्ताह में 4 की मौत

◆ 3 माह की मासूम को खुद मां ने गर्म चूड़ियों से दागा

**शहडोल। शहडोल मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर एक 3 माह की नवजात बच्ची दागने का शिकार हो गई। मासूम की मां बच्ची के शव को लेकर काफी देर तक मेडिकल कॉलेज में ही गुमसुम बैठी रही। बार-बार कह कर सिसक रही थी कि मुझसे गलती हो गई। मुझसे गलती हो गई। मैंने अपनी सोन चिरैया को गर्म काली चूड़ी से दाग दिया।**

मैं नहीं समझ पाई और मेरी चिड़िया फुर्र हो गई। इतना कहते हुए वह अपनी ननद से लिपट कर रोने लगी। मृत नवजात को बुआ अपनी गोद में लेकर मां को हिम्मत देने लगी। यह नजारा शहडोल के मेडिकल कॉलेज में सोमवार को दोपहर 3 बजे का है। यह



### 3 जनवरी को मेडिकल में हुई थी भर्ती

उमरिया जिले के मानपुर थाना के कठार गांव में रहने वाली अहान बैगा (3 माह) पिता दीपू बैगा को 3 जनवरी को शहडोल के मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती कराया गया था। मानपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे शहडोल मेडिकल रेफर किया गया था।

बैगा परिवार उमरिया जिले के मानपुर थाना के कठार गांव का रहने वाला है। बच्ची को मेडिकल कॉलेज से घर जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं मिल सका। जिस कारण परिजन शव को बाइक पर रखकर शहडोल से कठार अपने गांव ले गए।

### 20 दिन में चौथी मौत

शहडोल संभाग के बेहतर तीन सप्ताह के भीतर दगना कुप्रथा से चौथी मौत हो गई है। हाल ही में अनूपपुर के जरही, शहडोल के पटासी और बंधवा में नवजात बच्चों की मौत हुई थी। प्रशासन के जागरूकता अभियान का मैदानी स्तर पर कोई खास प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है।

### हालत गंभीर बनी हुई थी

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉक्टर नागेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर थी। उसे झटके भी आ रहे थे। उसके पेट में दागने के कई निशान थे। उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई है।

# 8 साल की बेटी से दुष्कर्म, आरोपी पिता को उम्रकैद

◆ मां मायके में थी, पिता लॉकडाउन में दरिंदगी करता रहा, 2 साल में फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। फैसला 2 साल के भीतर आया है, सजा विशेष अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय तहसील हरसूद ने एक आरोपी को सुनाई है। जो दुष्कर्म पीड़िता का पिता है। मामला थाना खालवा क्षेत्र का था। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी एडीपीओ अनिल चौहान ने की।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके के अनुसार पीड़िता की मां ने शिकायत की थी कि वह बेटियों के साथ अपने मायके में रहती है। 18 फरवरी 2022 को शाम 5 बजे के करीब उसका पति लाड़ली लक्ष्मी योजना के पैसे दिलाने की बात पर बेटी और उसका आधार कार्ड लेने आया था। वह बड़ी बेटी को लेने आया था, मैंने उसके साथ छोटी बेटी को भेज दिया था। बेटी ने मुझे बताया कि गांव जाने के बाद अपनी दादी के घर पर चली गयी थी। वहां पर कुछ देर रुकी थी। उसके बाद पापा ने हम दोनों बहनों और काकी को लेकर बाजार ले गया। पापा ने काकी और बहन को समोसा दिलाकर वापस घर भेज दिया।

मुझे बोला कि टप्पर पर से बकरे का मटन लेकर आते है। फिर पापा मुझे घर ले गए और वहां मेरे साथ दरिंदगी की। मैं भागने लगी तो ईंट उठाकर मुझे मारने दौड़ा। फिर मैं वहां से रोते हुए भागकर अपनी दादी के घर चली गयी। दादी ने मुझे पूछा क्यों रो रही हो, तब मैंने बताया कि पापा ने मेरे साथ दरिंदगी की है। उन्होंने लॉक-डाउन के दौरान भी कई बार दुष्कर्म किया। उनकी पिटाई के डर से मैंने किसी को बताया नहीं। इधर, खालवा पुलिस ने आरोपी पिता के विरुद्ध केस दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने महज दो साल के भीतर फैसला सुनाया और आरोपी पिता को उम्रकैद की सजा दी।

## एक जिला एक उत्पाद :देश में पहले स्थान पर आने पर महापौर ने किया कलेक्टर का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** हाल ही में एक जिला एक उत्पाद में ओडीओपी पुरस्कार से बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल को दिल्ली में सम्मानित किया गया। मंगलवार को नगर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल ने कलेक्टर भव्या मित्तल का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के प्रयास और जिले की पहचान एक जिला एक उत्पाद के तहत मुख्य फसल केले का उत्पादन बढ़ाने, व्यापार बढ़ाने, प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए जिले को प्रथम राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कारों में स्पेशल मेंशन अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कलेक्टर भव्या मित्तल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। महापौर माधुरी पटेल ने कहा- बुरहानपुर के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि हमारे जिले में केले का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। केले से चिप्स, केला पाउडर, राखियां, साज सज्जा की वस्तुएं, घरेलू सामान, चटाई, पर्स, टोकरियां, पायदान सहित अन्य उत्पाद हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन बुरहानपुर से प्रतिदिन लगभग 20 से 30 मीट्रिक टन केले दुबई, तुर्की, बहरीन और अन्य देशों में निर्यात किया जाता है।

## Uttarpradesh

# सरयू नदी में मोटर बोट से निगरानी, हवा में तैनात ड्रोन और सड़कों पर चप्पे-चप्पे पर जवान... अयोध्या में ऐसा है सुरक्षा घेरा

**अयोध्या, (एजेंसी) अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान 22 जनवरी को सुरक्षा के ऐसे इंतजाम किए गए हैं कि परिंदा भी पर न मार सके. इस सुरक्षा प्लान में स्थानीय लोगों की मदद भी ली जा रही है और इंतजाम ऐसे किया जा रहे हैं कि जल-थल और नभ कहीं से सुरक्षा में कोई चूक न रह जाए. एंटी ड्रोन सिस्टम से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कमांड कंट्रोल सिस्टम बनाए गए हैं तो फिजिकल चेकिंग और वेरिफिकेशन के साथ-साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा तकनीक का भी इस्तेमाल होगा.**

अयोध्या के सुरक्षा प्लान में स्थानीय लोगों की सहभागिता का अहम रोल होगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठान



हों या आम लोगों के घर जिनके भी घरों या प्रतिष्ठानों के सामने सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उन सभी को पुलिस के कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है. यह कैमरे पुलिस के उन 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क के अलावा होंगे जो अलग-अलग स्थानों पर अदृश्य आंख की तरह सड़कों और गलियों की निगरानी कर रहे होंगे.

इसी के साथ अयोध्या पुलिस फिजिकल इंटेलिजेंस का सहारा ले रही है और बड़ी संख्या में ऐसे लोगों से संपर्क कर उनको अपने साथ जोड़ा गया है जो ई रिक्शा, टैक्सी, होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस कर्मचारी हैं. ऐसे लोगों को यह निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या फिर संदिग्ध लोग दिखाई दें तो तुरंत पुलिस को इस बारे में सूचना दें. यही नहीं अगर बिना परिचय पत्र के कोई भी किसी होटल धर्मशाला या लॉज या फिर मंदिर में रुकता है तो वहां के कर्मचारी सीधे पुलिस को सूचना दें.

## New Delhi

◆ दिल्ली में इंसानियत हुई शर्मसार

### युवक पर नाबालिगों ने चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, फिर शव को घसीटकर मचाया तांडव




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण दिल्ली के बदरपुर थाना क्षेत्र में हत्या की सनसनी और रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है । यहां पर अरमान उर्फ कुरु ने अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ गौरव (22) नामक युवक की चाकू से 25 से ज्यादा वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी गौरव के शव को करीबन 60 -70 मीटर तक घसीटते रहे।

आरोपियों की दरिंदगी उस समय थमी जब बदरपुर थाने में तैनात पुलिसकर्मी नाइट पेट्रोलिंग करते हुए वहां पहुंचे। आरोपियों ने भागते हुए बदरपुर थाने में तैनात हवलदार को भी घायल कर दिया। हवलदार नटवर को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। हालांकि बदरपुर थाना पुलिस ने पूरी रात मशक्कत कर आरोपी अरमान व उनके तीनों नाबालिग साथियों को पकड़ लिया है।

दक्षिण पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार हत्या की यह सनसनीखेज वारदात रात करीबन रात दो बजे के आसपास हुई है। मृतक व आरोपी पहले एक दूसरे को जानते थे। रात को इन लोगों में मामूली बात पर कहासुनी हो गई। उसके बाद अरमान व हल उसके तीन नाबालिग साथियों ने गौरव पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आरोपियों ने पीड़ित को 25 से 30 चाकू मारे हैं। जब गौरव की मौत हो गई तो आरोपी उसके शव को इधर-उधर घसीट रहे।

## Bihar

### ऑर्केस्ट्रा गर्ल को पत्नी बताकर होटल के कमरे में ले गया, जबड़े में गोली मारकर भागा युवक

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक युवक ने ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक युवती को होटल के कमरे में गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। गोली युवती के जबड़े में लगी है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में कराया गया। वारदात कल्याणी-हरिसभा रोड स्थित मिठनपुरा थाना इलाके के एक होटल के कमरा नंबर 215 में मंगलवार रात को हुई। दोनों ने खुद को पति-पत्नी बताकर होटल में कमरा बुक किया था।

जानकारी के मुताबिक होटल के रजिस्टर में युवती का पता मालीघाट, जबकि युवक का केवल नाम इमरान अली लिखा गया है। गोली मारने के बाद आरोपी युवती को कमरे में ही छोड़कर फरार हो गया। होटल के कमरे में ही पिस्टल बेड पर पड़ी मिली, जिसके मैग्जीन में तीन गोलियां लोड थीं। एक खोखा फर्श पर पड़ा मिला।

युवक के भागने के बाद युवती किसी तरह कमरे से निकल कर ग्राउंड फ्लोर पर पहुंची और गिरकर बेहोश हो गई। उसे उठाकर होटल कर्मियों ने बैरिया स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया।

## Telangana

# चारमीनार एक्सप्रेस की तीन बोगियां पटरी से उतरी, पांच लोग घायल

**हैदराबाद, (एजेंसी)** लगातार हो रहे ट्रेन हादसों ने भारतीय रेलवे की चिंता बढ़ा दी है। हादसों को थामने के लिए बीते कुछ दिनों पहले रेलवे ने कवच सुरक्षा प्रणाली का परीक्षण किया था। इसी बीच, बुधवार को सुबह नौ बजे तेलंगाना के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर चारमीनार एक्सप्रेस के तीन बोगियां पटरी से जा उतरी, जिसमें पांच लोगों के घायल होने की सूचना हैं। दक्षिण मध्य रेलवे सीपीआरओ राकेश ने बताया कि यह घटना सुबह करीब नौ बजे हुई। यह रेलवे स्टेशन एक टर्मिनल स्टेशन है, जहां ट्रेनें रूकती हैं। ट्रेन को वहां रूकना था, लेकिन वह वहां नहीं रूकी, बल्कि आगे निकल गई। जिसके कारण ट्रेन के तीन बोगियां पटरी से उतर गई। इस घटना में ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े करीब पांच लोगों को चोटें आई हैं। घायल को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

गौरतलब है कि रेल हादसों पर लगाम लगाने के लिए रेलवे विभाग लगातार कार्य कर रहा है। रेलवे ने मथुरा और पलवल के बीच 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कवच दक्षता का ट्रायल किया था। इससे पहले दक्षिण मध्य रेलवे में तीन खंडों में प्रणाली शुरू करने से पहले कई स्थानों पर 130 किमी प्रति घंटे की गति से ऐसे परीक्षण किए गए थे। रेलवे के मुताबिक, कवच प्रणाली दक्षिण मध्य रेलवे में 1,465 रूट किमी और 139 लोकोमोटिव पर तीन खंडों में पहले से ही काम कर रही है। हालांकि, गति प्रतिबंध के कारण उस मार्ग पर परीक्षण नहीं किया जा सकता है। एक रेलवे अधिकारी ने कहा, इस दिल्ली-आगरा खंड को छोड़कर भारत के सभी रेल नेटवर्क पर ट्रेनें अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलती हैं।

## खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक मुकाबले में भारत को सात विकेट से हराया

### वनडे के बाद टी20 सीरीज भी जीती

**नवी मुंबई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 147 रन बनाए था। ऋचा घोष ने सबसे ज्यादा 34 रन की पारी खेली।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 18.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान एलिसा हीली ने 55 रन बनाए। वहीं, बेथ मूनी 52 रन बनाकर नाबाद रहीं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहला टी20



नौ विकेट से और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टी20 छह विकेट से अपने नाम किया था। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज भी 3-0 से अपने नाम की थी। वहीं, एकमात्र टेस्ट भारत ने जीता था।

**भारतीय पारी-** पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरुआत ठीक रही थी। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी निभाई। शेफाली 17 गेंद में छह चौके की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, जेमिमा रॉड्रिग्स दो रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन चलती बनीं। स्मृति मंधाना 28 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

इसके बाद दीप्ति शर्मा ने ऋचा घोष के साथ मिलकर 33 रन की साझेदारी निभाई। दीप्ति 14 रन और ऋचा 28 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुईं। अमनजोत कौर 17 रन और पूजा वस्त्राकर सात रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एनाबेल सदरलैंड और वेयरहैम ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, मेगन शुट्ट और गार्डनर को एक-एक विकेट मिला।

**ऑस्ट्रेलियाई पारी-** ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली और बेथ मूनी ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। दोनों ने 60 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। हीली 38 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें दीप्ति शर्मा ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद ताहिला मैक्ग्रा 15 गेंद में चार चौके की मदद से 20 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

एलिस पेरी बिना खाता खोले पूजा वस्त्राकर का शिकार बनीं। इसके बाद मूनी ने फीबी लीचफील्ड के साथ मिलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। मूनी ने 45 गेंद में पांच चौके की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। वहीं, फीबी 13 गेंद में तीन चौकी की मदद से 17 रन बनाकर नाबाद रहीं।

## सिनेमा

### 'मैं विनती करता हूं', फैंस की मौत के बाद गमगीन साउथ स्टार यश, परिवारों को किया आर्थिक मदद का वादा



साउथ की सुपरहिट फिल्म 'केजीएफ' से पहचान बनाने वाले एक्टर यश सभी के फेवरेट हैं. साउथ के साथ-साथ हिंदी ऑडियंस के बीच भी यश की फैन फॉलोइंग तगड़ी है. 8 जनवरी को यश का जन्मदिन होता है. इसे उनके फैंस किसी त्योहार की तरह मनाते हैं. इस साल यश ने अपना 38वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था. हालांकि ये जन्मदिन बुरी खबर लेकर भी आया. अपने फेवरेट स्टार यश के बर्थडे को लेकर यश के फैंस बहुत एक्साइटेड थे. हालांकि उनके तीन फैंस ने उत्साह के चक्कर में ऐसा कदम उठा लिया, जिसके चलते उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ा. यश को इस हादसे से बहुत झटका लगा है. ऐसे में वो फैंस के परिवार से मिलने भी पहुंचे और मीडिया की मदद से अन्य फैंस से बड़ी अपील भी की. यश के बर्थडे पर उनके तीन फैंस कर्नाटक के सुरंगी में उनके बर्थडे बैनर लगा रहे थे. इस दौरान उन्हें बिजली का जबरदस्त झटका लगा और उनकी मौत हो गई. वहीं तीन और फैंस बुरी तरह जख्मी हो गए. घायल फैंस को लक्ष्मेश्वर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. खबर मिलने के बाद यश मृतकों के परिवार और घायल फैंस से मिलने पहुंचे.

## संपादकीय

# मौसम का बिगड़ता मिजाज

बढ़ते तापमान और सर्दी की अवधि में निरंतर संकुचन से गेहूं और कई दलहनी फसलों के उत्पादन में हर वर्ष कुछ कमी दर्ज हो रही है। अनियमित और असंतुलित वर्षा के कारण धान और तिलहनी फसलों का उत्पादन भी घट रहा है। ऐसे में पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज मैदानी इलाकों की मुश्किलें और बढ़ाएगा। मगर विडंबना है कि रोज-रोज उठ खड़े हो रहे संकटों और उनकी वजहों की जानकारी प्रकट होने के बावजूद अपेक्षित जागरूकता कहीं नजर नहीं आती। पहाड़ों और वनों की कटाई, औद्योगिक विकास के नाम पर पारिस्थितिकी के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में निर्माण कार्यों को छूट दी जा रही है। इन दिनों न्यूनतम तापमान में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते तराई क्षेत्रों में फसलों के समय से पहले पकने और उत्पादन में कमी आने की आशंका गहरी हो गई है। शोध में वर्षा के स्तर, धूप की अवधि और वाष्पीकरण की दर पहले की तुलना में काफी घट गई है। इन स्थितियों में फिलहाल सुधार की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही। इसी तरह इस वर्ष जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर अभी तक बर्फ नहीं गिरी है। कश्मीर के जिस गुलमर्ग इलाके में इस समय बर्फ की मोटी चादर पसरी होती थी, वहां सूखा पसरा है। यही हाल हिमाचल के पहाड़ों का है। पहाड़ों पर इस पारिस्थितिकी असंतुलन के पीछे अलनीनो प्रभाव बड़ा कारण माना जा रहा है। मौसम में शुष्कता होने की वजह से पहाड़ों पर सूखी ठंड पड़ रही है। इससे पहाड़ी इलाकों में पहुंचे सैलानियों में तो निराशा नजर आ ही रही है, कृषि उत्पादन में कमी को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। दरअसल, धूप के घंटों और वाष्पीकरण में कमी के चलते पहाड़ी इलाकों में बादल नहीं बन पा रहे, जिससे वहां वर्षा कम हुई है। माकूल बरसात न होने से बर्फ भी नहीं पड़ रही। बर्फ कम पड़ेगी तो प्राकृतिक जल स्रोतों का स्तर भी घटेगा। पहले ही कई पहाड़ों की झीलों, जलकुंडों आदि में जल स्तर घटने के तथ्य सामने आ चुके हैं। ताजा अध्ययनों से यह स्थिति और चिंता बढ़ा सकती है। पहाड़ों पर बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन, अतार्किक ढंग से चलाए जा रहे विकास कार्यों के कारण भंगुर पहाड़ों पर अनेक भयावह नतीजे देखे जा चुके हैं। उनसे पार पाना बड़ी चुनौती है। अब उन पर बढ़ता बंजरपन नए संकट झेलने को मजबूर कर सकता है।

**अर्ज किया है..!**

*झूठ बोला है तो क़ाएम भी रहो उस पर 'ज़फ़र'*
*आदमी को साहब-ए-किरदार होना चाहिए*

-ज़फ़र इक़बाल

*//-2/-7//*
MORARI BAPU



**आदमी का भीतरी खालीपन केवल दो चीजों से भरा जा सकता है, प्रेम से और त्याग से...**

## ज्ञान-विज्ञान

# 2023 अब तक का सबसे गर्म साल

## ◆ वैज्ञानिकों ने भविष्य को लेकर दी चेतावनी



वर्ष 2023 अब तक दर्ज सबसे गर्म साल रहा और औद्योगिकीकरण से पहले के स्तर की तुलना में औसत वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गई। यह जानकारी एक यूरोपीय जलवायु एजेंसी ने दी। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के वैज्ञानिकों ने कहा कि जनवरी या फरवरी 2024 में समाप्त होने वाली 12 महीने की अवधि में 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार हो सकती है, जिससे जलवायु प्रभाव बढ़ सकता है। हालांकि, इसका मतलब पेरिस समझौते में निर्दिष्ट 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा का स्थायी उल्लंघन नहीं है क्योंकि यह कई वर्षों में दीर्घकालिक वार्मिंग को संदर्भित करता है।

वैज्ञानिकों ने कहा कि 2023 में पहली बार ऐसा हुआ जब हर दिन औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक (1850-1900) काल के स्तर से एक डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।। साल 2023 में लगभग 50 प्रतिशत दिन 1850-1900 के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म थे और पहली बार, नवंबर में दो दिन दो डिग्री सेल्सियस से अधिक गर्म थे। सी3एस के अनुसार, 2023 में वैश्विक औसत तापमान 14.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 2016 में पिछले उच्चतम वार्षिक मूल्य से 0.17 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

### भविष्य में और बदतर होगा मौसम

यह 1991-2020 के औसत से 0.60 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था और 1850-1900 के बीच पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था। बीबीसी से बात करते हुए टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी में वायुमंडलीय विज्ञान के प्रोफेसर एंड्रयू डेस्लर कहते हैं, 'जिस बात ने मुझे आश्चर्यचकित किया वह सिर्फ यह नहीं थी कि [2023] रिकॉर्ड-तोड़ था, बल्कि वह मात्रा भी थी जिससे इसने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए।'

### वैज्ञानिकों के खुलासे ने डराया

इस रिकॉर्ड वैश्विक गर्मी ने 2023 में दुनिया के बड़े हिस्सों में कई चरम मौसम की घटनाओं को बदतर बनाने में मदद की है। इसमें कनाडा और अमेरिका में तीव्र गर्मी और जंगल की आग से लेकर लंबे समय तक सूखा और फिर पूर्वी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बाढ़ तक की घटनाएं शामिल हैं। कई घटनाएं हाल के दिनों में देखी गई घटनाओं से कहीं अधिक या असामान्य समयों पर घटित हुईं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव प्रोफेसर पेटेरी तालास ने कहा, 'ये सिर्फ आंकड़ों से कहीं अधिक हैं। चरम मौसम दैनिक आधार पर जीवन और आजीविका को नष्ट कर रहा है।' अंटार्कटिक समुद्री बर्फ आश्चर्यजनक निचले स्तर पर पहुंच गई, साथ ही आर्कटिक समुद्री बर्फ भी औसत से नीचे पहुंच गई है।




1. **Smriti Irani's Saudi Arabia Visit Strengthens Cultural & Spiritual**
2. **Body of 4-year-old boy murdered by CEO brought to father's apartment in Bengaluru**
3. **IMD releases list of coldest cities in North Indian plains today**
4. **Don Abu Salem's girlfriend marries another man**
5. **Adani to invest over ₹2 lakh crore in Gujarat in 5 years, create 1 lakh jobs**

# Union Budget 2024: Centre likely to give report on National Pension Scheme on February 1

**NEW DElHI, (Agency).** The interim Union Budget 2024 will be presented on February 1, 2024, and it is likely that the Finance Ministry will present a status report on the National Pension Scheme during the budget session in the Parliament, says a report.

A team headed by finance secretary TV Somanathan, which is currently reviewing the NPS, is likely to present a detailed status report to the Finance Ministry by the end of this month, reported The Economic Times, citing sources.

The report further said that the financial panel is currently considering some tweaks and guarantees in the NPS, and the discussions are not in favour of any additional fiscal burdens or going back to the old pension scheme.

The Centre is likely to seek public consultation before taking any final calls, reported ET. It is likely that the report will focus on potential improvements in the NPS, taking into account the worries of some pensioners in comparison with the old pension scheme (OPS).



"The report will not be prescriptive and any changes, if at all required, will be weighed against the fiscal impact and it will be then put for the public consultation," an official told ET. Earlier, reports suggested that no hike income tax rebate will be announced in Union Budget 2024. Since this is an interim budget, no major announcement of changes in tax policies will be made.

Interim Budget 2024 on February 1

Finance Minister Nirmala Sitharaman will present the interim Union Budget 2024 on February 1 this year. The budget presented will be for vote-on-account, which means that no major tax announcements will me made.

The interim budget will only be announced for the first three months of the upcoming financial year in view of the 2024 Lok Sabha elections. The consolidated budget for 2024 will be announced after the results of the elections are declared.

# Nithin Kamath, Collective Artists Network launch fund to back consumer brands

**NEW DElHI, (Agency).** Nearly three years after launching Gruhas, a Venture Capital (VC) fund for entrepreneurs, Zerodha co-founder Nikhil Kamath has come up with another fund – Gruhas Collective Consumer Fund – this one for consumer brands, in partnership with Collective Artists Network, a Mumbai-based talent management and influencer marketing



firm. "The timing of the fund launch is opportune. Right now, we are in a sweet spot where the funnel for private equity/venture capital money coming into India, is reduced quite a bit. So the opportunity that exists today, wasn't there 12 months ago," Kamath told Moneycontrol. "With two people coming from two different genres, we will have a multiplier effect. Seeing Nikhil's track record and the level of disruption he has made in the Indian economy, we are confident," Vijay Subramaniam, founder and Group CEO, Collective Arts Network, told the publication.

Gruhas Collective Consumer Fund

(1.) It has been launched at an initial investment fund of ₹150 crore. According to Subramaniam, the two participating companies alone are underwriting 30-35% of the venture.

(2.) The joint venture has already 'locked' down its first five investments and will invest up to a million dollars in early-stage companies.




◆रेस्त्रां संचालक के स्वजन बिखलते हुए बोले

# प्रबंधन पर दर्ज हो एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्कूल बस की टक्कर से जान गवांने वाले दीपक चावला के स्वजन दुखी है। बुधवार सुबह-सुबह स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और बिलखते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन पर भी एफआइआर होना चाहिए। दीपक ही पूरा परिवार चलाता था। उसकी मौत से परिवार बुरी तरह टूट गया। टीआइ ने मुवाआजा की बात कही तो स्वजन भडक़ गए और खरीखोटी सुना दी।**

लारेल्स स्कूल इंटरनेशनल स्कूल की बस से मंगलवार दोपहर 38 वर्षीय दीपक मुरली चावला की मौत हो गई थी। शराब के नशे में धुत बस चालक रामेश्वर कटारिया लापरवाहीपूर्वक बस चला रहा था।सुबह स्वजन घटनास्थल आए और कहा कि दीपक की मौत के लिए स्कूल प्रबंधन भी बराबर का दोषी है। चालक नशे में था और उसको बस हाथ में दे दी। दीपक तो नियमानुसार चल रहा था। वह स्कूटर से बैंक जा रहा था।

काल आने पर गाड़ी एक तरफ कर बात कर रहा था। नियम न मानता तो गाड़ी चलाते-चलाते बात कर सकता था। बस चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। जूनी इंदौर टीआइ शैलेंद्रसिंह जादौन ने समझाने की कोशिश की और कहा कि वह मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगे। इस पर स्वजन भडक़ गए और कहा कि मुवाआजा से इंसान की पूर्ति तो नहीं हो सकती है।

### घर और रेस्त्रां संभालता था दीपक

राजमहल कालोनी निवासी 38 वर्षीय दीपक का माणिक बाग ब्रिज के नीचे सिंध कराची के नाम से नानवेज का रेस्त्रां है। दीपक ही रेस्त्रां संभालता था। वह कुक का काम भी कर लेता था। उसका छोटा भाई है जो कुछ नहीं करता है। हादसे से पूरा परिवार टूट गया है। उनकी मांग है कि स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई हो। रहवासी भी घटना स्थल पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाने की मांग कर रहे है।

## फल विक्रेता की एक्सीडेंट में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्पोर्ट्स बाइकर्स की मौत हो गई। वह रात में अपने घर की तरफ आ रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। उसे निजी एंबुलेंस से यूनिक अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां से उसे मंगलवार को एमवाय शिफ्ट कर दिया। रात में उसने दम तोड़ दिया।**

अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक अभय (22) पुत्र देवेन्द्र जाट निवासी हवा बंगला सोमवार रात देर रात रणजीत हनुमान रोड पर घायल पड़ा मिला। नजदीक ही उसकी स्पोर्ट्स बाइक भी पड़ी थी। राह चलते लोगों ने उसे घायल देखा तो एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद परिवार से संपर्क कर यूनिक अस्पताल भेजा। अभय की मंगलवार को हालत बिगडऩे पर उसे एमवाय अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया। देर रात उसने यहां दम तोड़ दिया।

### माता-पिता का इकलौता बेटा

अभय के परिवार के लोगों ने बताया कि उसका पुश्तैनी घर महू नाका पर है। सोमवार रात वह यहीं से अपने घर हवा बंगले के लिये निकला। उसके परिवार में माता-पिता ओर एक बहन है। अभय ने पढ़ाई छोड़ दी थी। वह फल बेचने लगा था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे से घटना के फुटेज निकाल रही है।

## साईकिल का हैंडल पेट में घुसा :सात साल के बच्चे की आंतें फटी, तीन दिन बाद मौत

गांधीनगर इलाके में रहने वाले 7 साल के एक बच्चे की साइकिल चलाते समय मौत हो गई। वह शनिवार शाम को साईकिल चलाने के दौरान घायल हुआ। उसे उपचार के लिये पहले निजी फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक घटना नैनोद स्थित मल्टी की है। यहां 7 वर्षीय सक्षम पुत्र दीपक शिव चंदन अपनी बिल्डिंग के नीचे शाम को साईकिल चला रहा था। इस दौरान वह झटके से गिर गया। साईकिल का हेंडल उसके पेट में जा घुसा। डॉक्टरों ने बताया कि हेंडल लगने से उसकी आंत बुरी तरह से डैमेज हो गई। उसे आसानी से ऑपरेट नहीं किया जा सकता। बच्चे का आईसीयू में उपचार चलते रहा। मंगलवार रात बच्चे ने दम तोड़ दिया।

### परिवार में एक बड़ा भाई

सक्षम जिस समय घायल हुआ उस समय ओर भी बच्चे वहां खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि संतुलन बिगडऩे से हादसा हो गया। सक्षम के परिवार में बड़ा भाई सौरभ है। वहीं पिता निजी कंपनी में काम करते हैं। हादसे के समय वह घर पर नहीं थे। सूचना मिलने पर मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची।

## विवाद के बाद पेट्रोल पंप पर गार्ड ने किया फायर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिय़ा में एक पेट्रोल पंप पर गार्ड ने फायर कर दिया। यहां लघु शंका करने आए युवकों से उनका विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले में फुटेज के बाद आरोपी गार्ड के खिलाफ केस दर्ज किया है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक विकास पुत्र संतोष शर्मा निवासी स्कीम नंबर 74 की शिकायत पर पुलिस ने भारत पेट्रोल पंप स्कीम नंबर 78 के गार्ड शिवशंकर पुत्र ओमप्रकाश अग्निहोत्री के खिलाफ हवाई फायर करने के मामले में केस दर्ज किया है। विकास ने बताया कि उसका दोस्त ओम पेट्रोल पंप पर बाथरूम गया। इस दौरान गार्ड आया और पूछा कि यहां क्यों खड़े हो विकास ने दोस्त के पंप का बाथरूम इस्तेमाल करने की बात कही। इस पर शिवशंकर वहां से हटने को लेकर विवाद करने लगा। उसने अपनी दो नाल की बदूंक निकाली और विकास की तरफ तानते हुए हवा में फायर कर दिया। फायर करने के बाद विकास ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिस पर फुटेज चेक कर गार्ड पर केस दर्ज किया है।

### इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव 16 फरवरी को

**इंदौर।** इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव कराने के लिए स्टेट बार काउंसिल द्वारा गठित विशेष समिति ने मंगलवार को चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया। 16 फरवरी को चुनाव होंगे और उसी दिन मतगणना होगी। समिति संयोजक सौरभ मिश्रा, सहसंयोजक संजय मेहरा के मुताबिक पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज द्विवेदी को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया। वहीं मतदाता सूची जारी करने का काम तेजी से चल रहा। दावे-आपत्तियों का निराकरण करने के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। नवंबर में निर्वाचन प्रक्रिया हो जाना थी, लेकिन निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा तारीख का ऐलान नहीं किया गया। इस पर काउंसिल ने कार्यकारिणी भंग कर विशेष समिति गठित की थी।

### लाखों की चोरी

**इंदौर।** समीपस्थ पीथमपुर की छत्र छाया कालोनी स्थित मोबाइल दुकान पर अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मोबाइल दुकान में रखे लगभग दो लाख रुपए के ???मोबाइल फोन चुरा लिए। घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई। अब पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार छत्र छाया कालोनी स्थित अमन मोबाइल गैलरी पर मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने शटर तोडक़र दुकान में रखें करीब दो लाख रुपए के ??मोबाइल फोन चुरा लिए। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पास में लगे सीसीटीवी में 3 युवक शटर तोड़ते दिखे। इसके बाद पीथमपुर पुलिस टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### बेवजह किया हमला

**इंदौर।** स्कीम 74 मे एक कॉलेज के बाहर खड़े एक युवक पर दूसरे युवक ने हमला बोल दिया। आर्यन अंचेरा निवासी सांईकृपा कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह दोस्त आदर्श पाटीदार के साथ खड़ा था। तभी अविजित सिंह जुनेजा ने वेवजह गालियां देते हुए मारपीट की। इसी बीच सजल पटेल ने पीछे से उसकी गर्दन पर किसी नुकीली वस्तु से वार कर घायल कर दिया।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक